एकलपीठ सिविल रिट याचिका संख्या 1925/2000
चेयरमेन कम मैनेजिंग डायरेक्टर, आर.एस.बी.सी.सी. लिमिटेड
बनाम
डिस्टिक्ट एण्ड सैशन जज,जयपुर सिटी,जयपुर व अन्य

20.2.2007

<u>माननीय न्यायाधिपति श्री मोहम्मद रफीक</u>

श्री वी.पी.माथुर एवं श्रीमती प्रीति माथुर,अधिवक्ता याची।

याची के विद्वान अधिवक्तागण का कथन है कि इस याचिका में उठाये गये बिन्दु माननीय सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ द्वारा मैसर्स एस.बी.पी.एण्ड कम्पनी बनाम पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड ए.आई.आर. 2006 सुप्रीम कोर्ट 450 के मामले में दिये गये निर्णय से पूर्णतया आच्छादित हैं।

अत: यह रिट याचिका इसी रुप से निरस्त की जाती है। पक्षकारान अपना खर्चा स्वयं वहन करें।

(मोहम्मद रफीक)
न्यायाधिपति